कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि
E.S.I.C.

क्षेत्रीय कार्यालय/Regional Office
पंचदीप भवन,ई.डी.सी.प्लॉट सं.23,पाट्टो,पणजी,गोवा-403001
Panchdeep Bhavan, EDC Plot No. 23, Patto, Panaji, Goa-403001
Phone: 0832-2438853 ई-मेल/E-mail :rd-goa@esic.nic.in,
वेबसाइट/Website : www.esic.nic.in
Toll free no-1800-11-2526/3839 Fax No-0832-2438858

सं.32-ए-50/17/02/2023-रा.भा. दिनांक: 02.04.2025

## कार्यालय ज्ञापन

**विषय: हिन्दी शिक्षण योजना के तहत पारंगत के लिए ऑनलाइन कक्षा।**

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित किया जाता है कि क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, गोवा तथा उसके अधीनस्थ शाखा कार्यालयों में कार्यरत निम्नलिखित 06 कार्मिकों को हिन्दी शिक्षण योजना, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के अंतर्गत हिन्दी पारंगत की ऑनलाइन कक्षा में प्रवेश प्राप्त हुआ है:-

| क्र. सं. | नाम (सर्वश्री) | पदनाम | मातृभाषा |
|---|---|---|---|
| 1. | पसूला श्रीकांत | बहुकार्य स्टाफ | तेलुगू |
| 2. | कुंपटि शिवा सूर्या प्रकाश | बहुकार्य स्टाफ | तेलुगू |
| 3. | कुलदीप सिंह | बहुकार्य स्टाफ | हिन्दी |
| 4. | रामावत रामू | बहुकार्य स्टाफ | तेलुगू |
| 5. | उद्धव उदय परब | बहुकार्य स्टाफ | मराठी |
| 6. | दर्शित शर्मा | बहुकार्य स्टाफ | हिन्दी |

उपर्युक्त कार्मिकों की कक्षाएँ ऑनलाइन माध्यम से शुरू हो चुकी हैं। अतः उपर्युक्त सभी कार्मिकों को यह निदेश दिया जाता है कि :-

1. वे हिन्दी शिक्षण योजना द्वारा उन्हें दिए गए कक्षा समय पर ऑनलाइन कक्षा में अपनी उपस्थिती सुनिश्चित करें। कक्षा में उनकी उपस्थिती अनिवार्य है तथा कार्मिक के छुट्टी पर होने के अलावा किसी भी स्थिति में कक्षा में भाग न लेने हेतु किसी भी स्थिति में तथा किसी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी।
2. चूंकि वे अभी प्रशिक्षणाधीन हैं इसलिए यह प्रयास किया जाए कि वे छुट्टियाँ न लें।
3. सभी प्रशिक्षणाधीन कार्मिक अपनी पारंगत पाठ्यक्रम की पुस्तक राजभाषा शाखा, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, गोवा से यथाशीघ्र प्राप्त करें।

4. कक्षा के दौरान यदि प्रशिक्षक द्वारा कोई आवश्यक सूचना जैसे कि कक्षा आदि संबंधी दी जाती है तो संबन्धित सूचना अविलंब राजभाषा शाखा, क्षेत्रीय कार्यालय, गोवा को दी जाए।

कृपया उपर्युक्त का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

**यह क्षेत्रीय निदेशक(प्रभारी) के अनुमोदन/ आदेश से जारी किया जा रहा है।**

Digitally signed by
Hemant Kumar
Date: 02-04-2025

(हेमंत कुमार)
उप निदेशक(राजभाषा(प्रभारी))

प्रति:

संबंधित कर्मचारी।

प्रतिलिपि:

1. संबंधित कर्मचारियों के नियंत्रक कार्मिक को इस निदेश के साथ प्रेषित कि वे हिन्दी शिक्षण योजना द्वारा दिए गए कक्षा समय के दौरान कर्मचारी द्वारा कक्षा में भाग लेना सुनिश्चित करवाएँ।
2. वैयक्तिक सहायक प्रकोष्ठ, क्षेत्रीय कार्यालय, गोवा को इसे सभी संबंधितों को ईमेल करने हेतु प्रेषित।
3. प्रशासन शाखा, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, गोवा को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
4. वेबसाइट सामग्री प्रबन्धक को इसे क.रा.बी.निगम, गोवा की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।